RNI NO. ASSHIN/2005/15049 PRATAH KHABAR, Guwahati, Tuesday, 22 December, 2015 वर्ष 11 अंक 225, गुवाहाटी, मंगलवार, 22 दिसंबर, 2015, विक्रम संवत 2072, शक 19

सच से समझौता नहीं

प्रात: खबर

pratahkhabar.com

स्किपर लिमिटेड की गुवाहाटी में फैक्ट्री स्थापित

गुवाहाटी, 21 दिसंबर (खसं.)। पूर्वोत्तर में अपने कारोबार का विस्तार करते हुए पीवीसी पाइप निर्माण कंपनी स्किपर लिमिटेड ने गुवाहाटी में अपनी पहली फैक्ट्री की स्थापना की। पिछले 14 दिसंबर से निर्माण कार्य आरंभ हो चुकी है। कंपनी ने इस यूनिट में करीब 4 हजार टन माल उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित की है। आज यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कंपनी के निदेशक देवेश बंसल ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष जब उन लोगों ने अपने उत्पाद को पूर्वोत्तर के बाजार में उतारा था तो ग्राहकों से मिली उत्साहवर्द्धन के बाद ही कंपनी ने यहां एक यूनिट की स्थापना का निर्णय लिया था। घरेलू एवं कृषि उपयोगी पाइप का निर्माण से जुड़ी कंपनी का लक्ष्य कम कीमत पर गुणवत्ता वाले पाइप ग्राहकों तक पहुंचाना है। कंपनी जल्द ही हैदराबाद एवं सिकंदराबाद में दो यूनिट की स्थापना करेगी। पत्रकार सम्मेलन में निदेशक सिद्धार्थ बंसल, पूर्वोत्तर के विपणन प्रमुख सौरभ घोष व यूनिट के स्थानीय प्रमुख गिरिश प्रकाश भी उपस्थित थे।